प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 07 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री एल. खियांग्ते ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने उन्हें आयोग के कार्यों की समीक्षा कर झारखंड लोक सेवा आयोग को नियुक्ति प्रक्रिया में गति, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने हेतु कहा ताकि आयोग अपनी खोई हुई विश्वसनीयता प्राप्त करे, जिससे जनमानस में इसकी छवि बेहतर हो और विद्यार्थियों की शिकायतें दूर हों।

(2) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के नवनियुक्त कुलपति डॉ० डी.के. सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल महोदय ने डॉ० सिंह से कहा कि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने हेतु व्यापक प्रयास करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुलभ कराने, ऐकेडमिक कैलेंडर का पालन करने तथा सत्र के नियमितीकरण हेतु निदेश दिये।